# मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज को मिला सम्मान : बघेल

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ धार जिला कार्यालय में

**धार। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकर्ता जिला सम्मलेन सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुआ। सम्मलेन में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र सिंह बघेल,अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विशेष अतिथि मोर्चा जिला प्रभारी विशाल रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मे?ा भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल ने सम्बोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर सार्थक चर्चा की ।**





शुरुआत के पहले अतिथियो ने भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

**जनजातीय गौरव दिवस का संकल्प**–सम्मलेन में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र सिंह बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान और सम्मान में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जनजातीय समाज को उनका वास्तविक सम्मान देने का संकल्प लिया है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को पूरे देश में %जनजातीय गौरव दिवस% के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल आदिवासी भाइयों–बहनों के लिए ही नहीं, बल्कि समस्त देशवासियों के लिए गर्व का प्रतीक है और पूरा देश इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाता है। सम्मलेन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर विस्तार से बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथनों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की यह सरकार विशेष रूप से आदिवासियों, किसानों और युवाओं को समर्पित सरकार है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है- जिसमें प्रमुख योजना आयुष्मान भारत योजना (स्वास्थ्य सुरक्षा) प्रधानमंत्री आवास योजना (पक्के मकान का सपना) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (धुआं-मुक्त जीवन) पीएम किसान सम्मान निधि (किसानों को आर्थिक संबल) लाडली बहना योजना (महिलाओं का सशक्तिकरण) समेत अनेकों योजनाएँ है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मलेन में पूर्व विधायक मुकाम सिंह निगवाल जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने जिला उपाध्यक्ष कपिल निनामा जिला मंत्री आरती पटेल मांगीलाल चौहान मोर्चा जिला महामंत्री राजू मकवाना सहित मोर्चा पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष सरपंच जिला जनपद सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। संचालन राजु मकवाना तथा आभार सुनिल वसुनिया ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।




# कानवन में झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक और पैथोलॉजी लैब किया सील

- कई वर्षों से प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे थे फर्जी क्लिनिक
- कलेक्टर के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**बदनावर ।** सीबीएमओ डॉ. मुजाल्दा ने स्वास्थ्य-पुलिस टीम के साथ की छापेमारी, कई डॉक्टर क्लिनिक बंद कर भागे। गायत्री क्लिनिक के प्रियंका शर्मा, प्रेम पैथोलॉजी सहित 11 प्रतिष्ठानों पर ताला, अवैध चिकित्सा पर कसा शिकंजा वही एक जगह मेडिकल ओर प्रैक्टिशनर एक ही जगह पाया गया। एक ही दुकान में डॉ रंजन दास मेडिकल के साथ क्लिनिक भी चला रहा था जिसे सील किया गया। कलेक्टर धार के आदेश के बाद जिले में फर्जी और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में बदनवार के सीबीएमओ डॉ.एस एल मुजाल्दा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कानवन नगर में बड़ी छापेमारी कर 11 क्लिनिक और पैथोलॉजी को सील कर दिया।

1973 के अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई-स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गठित दल अपात्र व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे अवैध चिकित्सा व्यवसाय पर म.प्र. उपचारगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 के तहत कार्रवाई कर रहा है। दोष सिद्ध होने पर संबंधित प्रकरण जिला अभियोजन अधिकारी को वैधानिक कार्रवाई हेतु भेजे जाएंगे।

### कलेक्टर का आदेश बना कार्रवाई का आधार

कार्यालय कलेक्टर धार द्वारा क्रमांक/स्वास्थ्य/2026/15420 दिनांक 17 जुलाई को जारी आदेश में जिले में फर्जी/झोलाछाप डॉक्टरों और अपंजीकृत चिकित्सकीय संस्थानों के विरुद्ध नियमनुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी आदेश के पालन में अनुभाग स्तरीय निरीक्षण दल गठित कर कार्रवाई की गई।

**11 प्रतिष्ठान सील, कई डॉक्टर भागे**–सीबीएमओ डॉ. मुजाल्दा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में कानवन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जांच की। इस दौरान, डॉ. प्रियंका शर्मा – गायत्री क्लिनिक, प्रेम पैथोलॉजी सहित अन्य 11 क्लिनिक और पैथोलॉजी सेंटर सील किए गए। डॉ. मुजाल्दा ने कहा कि जांच के दौरान कुछ डॉक्टर क्लिनिक बंद कर मौके से भाग गए, उनके वापस आने पर भी जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## एक नजर में

### ड्रेनेज का पानी मान की नहर में डालने का विरोध

**गंधवानी।** गंधवानी के समीप ग्राम सोनगांव से पिपली मार्ग पर 3 किलोमीटर की सड़क लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई है जिसमें बड़ी लापरवाही बरती गई है यहां पर नहर में ड्रेनेज का पानी पुलिया बनाकर डाला गया है जिससे परेशानी हो रही है किसान लोग इसका विरोध कर रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। मामले में किसानों ने बताया कि ड्रेनेज का पानी खेतों में घुसने के कारण परेशानियां होगी और तालाब बन जाएंगे निकासी की व्यवस्था दूसरी जगह होनी थी लेकिन पुलिया बनाकर इसे यहीं पर छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी की लापरवाही किसानों पर भारी- किसानों को जबरन में परेशान किया जा रहा है डैम की नहर में नाली का पानी छोड़ा जा रहा जबकि कहीं अन्य जगह भी ये पानी डायवर्ट किया जा सकता है लेकिन विभाग लापरवाही है जिससे किसान नाखुश है ,निर्माण भी गुणवत्ता विहीन हुआ है-इस सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं निर्माण कार्य ठीक नहीं है डामर को हाथ लगाने से ही निकल रहा है जिस पर विभाग के अधिकारियों ने ध्यान देनी चाहिए क्योंकि यह बड़ी सड़क हे
इनका कहना है- निर्माण कार्य ठीक किया है ड्रेनेज का पानी हमने पुलिया बनाकर डायवर्ट किया है पानी पहले भी इस और जाता था। सुभाष कनेश एसडीओ लोक निर्माण विभाग किसानों के खेतों में पानी जाएगा मान डैम की नहर में पानी नहीं छोड़ना था लेकिन विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया किसान लोग बहुत नाराज है साथ सड़क की क्वालिटी भी खराब हैं। मुकेश पाटीदार बीजेपी मंडल अध्यक्ष गंधवानी। किसान अमृत पाटीदार का कहना है कि हमारे खेत में पानी भरेगा निकासी की व्यस्था करनी चाहिए पानी को नहर में नहीं डालना चाहिए खेत में पानी जाएगा तो फसल खराब होगी।

### छावनेर्श्वर महादेव का भक्तों ने किया जलाभिषेक

**सरदारपुर।** सर्किट हाऊस मार्ग पर स्थित प्राचीन छावनेर्श्वर महादेव पर सोमवार को सुबह से ही महादेव का जल दुग्धाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ रही। महादेव का अभिषेक कर घर-परिवार देश की सुख-समृद्धि खुशियाली की कामना की गई। इधर 29 जूलाई गुरु पूर्णिमा से श्रावण मास शुरू होनेवाला है। श्रावण मास माह में परम्परागत अनुसार प्रत्येक सोमवार को रात्रि 8 से 11 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर संचालक सुनील कुमार गुप्ता, सुदीप तिवारी ने बताया कि आयोजन का यह 12 वां वर्ष होगा। श्रीदादा दयालु सुन्दरकाण्ड मंडल द्वारा भोलेनाथ, श्रीबालाजी पर आधारित संगीतमय के साथ शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी, महादेव के भक्तजन शामिल होकर श्रावण मास माह का पूर्ण धर्म लाभ आनंद ले।

### सीईओ जोशुआ पीटर की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**सरदारपुर।** जनपद पंचायत सरदारपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुशलपुरा में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, ग्राम पंचायत के मुस्तैद रोजगार सहायक मेलाश गुड़िया ने क्षेत्र में एक बिजली पोल को अत्यधिक झुकी हुई और खतरनाक स्थिति में देखा। पोल पर 11 हजार वोल्ट की हाई-टेंशन लाइन चालू थी, जिससे कभी भी कोई गंभीर जनहानि या पशुहानि हो सकती थी। रोजगार सहायक ने तुरंत सजगता दिखाते हुए इस गंभीर समस्या की फोटो जनपद के ग्रुप पर साझा की और तत्काल निराकरण का अनुरोध किया। सीईओ जोसुआ पीटर की कुशल कार्यशैली और त्वरित एक्शन मामले की गंभीरता और खतरे को देखते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) श्री जोसुआ पीटर ने बिना वक्त गंवाए त्वरित एक्शन लिया। उन्होंने मामले को पूरी संवेदनशीलता से समझा और तुरंत दिशा-निर्देश जारी किए। सीईओ जोसुआ पीटर की इस कुशल, संवेदनशील और परिणाम-उन्मुख कार्यशैली की वजह से ही एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही पर समय रहते लगाम कसी जा सकी। जनता की सुरक्षा के प्रति उनकी इस तत्परता की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

**मुकेश खपेड का लगातार फॉलोअप और अटूट प्रयास**–सीईओ सर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के बाद श्री मुकेश खपेड ने पूरी जिम्मेदारी के साथ कमान संभाली। उन्होंने तत्काल मध्य प्रदेश विद्युत मंडल (स्श्वक्च) के श्व सोलंकी से संपर्क साधा और ठेकेदार व लाइनमैन को उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित करवाया। प्रशासनिक सुस्ती के कारण जब 7 दिनों तक लगातार संपर्क करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया गया और रोजगार सहायक ने काम न होने की पुष्टि की, तो मुकेश खपेड ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने श्व सोलंकी से दो टूक शब्दों में कहा कि %आज सीईओ सर के साथ हम खुद इस स्थल का दौरा (विजिट) करने आ रहे हैं।

### नुक्कड़ नाटक से जनता को नशा मुक्ति का दिया संदेश

**सरदारपुर ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19 जुलाई 2026 को थाना राजगढ़ क्षेत्र के मेला मैदान एवं बस स्टैंड राजगढ़ में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत मध्यप्रदेश में 15 जुलाई से नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में प्रदेशभर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक धार श्री सचिन शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल बेलापुरकर के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार तथा थाना प्रभारी राजगढ़ श्री समीर पाटीदार की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नशे के दुष्परिणामों का प्रभावी मंचन करते हुए आमजन को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने भी नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया। राजगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा विकास कार्यों का मांग पत्र

**राजगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती अपने राजगढ़ क्षेत्र में प्रवास के दौरान राजगढ़ में भाजपा नेता मुकेश कावड़िया के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। यहां भाजपा नेता कावड़िया समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष भारती को भाजपा नेता मुकेश कावड़िया ने कन्या शाला की बाउंड्री वाल समेत विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौपा साथ ही श्री राजेंद्र सूरी सहकारी संस्था के बकायादारो की कुर्की हेतु



कलेक्टर को कार्रवाई हेतु निर्देश देने को लेकर चर्चा की। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेश शर्मा, भाजपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ जिला मंत्री गोपाल सोनी, अनिल पांडे, महेंद्र राजपूत, विन्देश मंडलोई सहित अन्य मौजूद रहे।

भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मुकेश कावड़िया ने बताया कि क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर जिलाध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया है कि राजगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए विकास कार्य जल्द किए जाएंगे तथा क्षेत्र के लोगो को किसी भी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी।



# मां गायत्री महिला मंडल का कलश पूजन घर-घर जारी

**सरदारपुर।** मां गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन निर्देश में मां गायत्री महिला मंडल द्वारा घर-घर कलश पूजन का दौर जारी है, साथ ही इस आयोजन के चलते महिलाए मां गायत्री शक्तिपीठ से जुड़कर इस पुनित धर्म कार्य में सहभागिता निभाई जा रही है। मां गायत्री महिला मंडल अध्यक्ष और यज्ञाचार्य विमला तिवारी, पुष्पा कारले ने बताया की अभी तक 150 घर-परिवार में कलश पूजन हो चुका है। कलश पूजन के पहले कलश यात्रा निकाली जा रही है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा नशामुक्ति का संदेश

**सरदारपुर । देशव्यापी नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सरदारपुर में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल सरदारपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमझेरा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।**





संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कलापथक दल ने गीत, संगीत, लघु नाटिकाओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की लत शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर गंभीर दुष्परिणाम उत्पन्न करती है। उन्हें शिक्षा, खेल, अनुशासित जीवन, सकारात्मक सोच तथा अच्छे संस्कारों को अपनाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने, स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

# गूंजे जगन्नाथ के जयकारे, भजनों पर झूमे भक्त

**इंदौर.** शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र अन्नपूर्णा मंदिर से रविवार दोपहर में निकली इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया. रिमझिम फुहारों के बीच राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक करीब 5 कि.मी. लंबे यात्रा मार्ग को हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन की मस्ती और भक्ति की रसधारा से सराबोर बनाए रखा. 50 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा विराजे थे.रथयात्रा में विदेशी भक्त भी शामिल हुए. हाइड्रोलिक रथ की रस्सियां थामकर भगवान का रथ भक्तों ने खींचा और भक्ति में लीन नजर आए.




इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास, अन्नपूर्णा आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि, स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि, अखंडधाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज सहित अनेक संतों-महंतों के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, राजेश गर्ग केटी, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया सहित भक्त एक विशाल रथ पर विराजित भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रह को लेकर यह रथ यात्रा जैसे-जैसे आगे बढती गई, आस्था के हिलोरे भी बढ़ती चली गए. करीब 12 हजार श्रद्धालुओं का यह काफिला गोपाल मंदिर तक पहुँचने में करीब 5 घंटे का समय लगा. इस दौरान समूचे यात्रा मार्ग पर जगन्नाथ चका नैन, तू न संभाले तो हमें कौन संभाले और हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन की गूंज बनी रही. भगवान के जयघोष से समूचा मार्ग गुंजायमान होता रहा. यात्रा मार्ग पर ड्रोन से पुष्प वर्षा भी होती रही. शहर के अनेक धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, राजनेता एवं विद्वान भी इस यात्रा में भागीदार बने.

## एक नजर में

जिले की अन्य जेलों में भी शुरू किया जाएगा अभियान एवं सीड्स बॉल पहल

# सब जेल सरदारपुर की एक बंदी-एक पेड़ पहल बनी मिसाल

**सरदारपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश धार ममता जैन और प्रदीप कुमार सोनी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार द्वारा आज सब जेल सरदारपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में संचालित 卐एक बंदीक्ल्एक पेड़ ॅजीवन की नई शुरुआत हरियाली के साथ卐 अभियान तथा बंदियों द्वारा तैयार की जा रही सीड्स बॉल का अवलोकन किया गया।






निरीक्षण एवं पैधारोपण के दौरान श्रीमती नताशा शेख (सीजेएम, धार), श्री धर्मकुमार (जेएमएफसी , धार) एवं श्री सिमोन सुलिया (डीएलओ, धार) श्री संजय कुमार परमार (सहायक जेल अधीक्षक सरदारपुर), श्री अनिल जाधव थाना प्रभारी सरदारपुर श्री नाथूलाल जाटव (प्रभारी सीएचडब्ल्यू), श्री धर्मेंद्र आरवे, श्री सरदारपुर न्यूज़ संतोष लोधी, श्री सियाराम लिमनपुरे, श्री विशाल राठौर, श्री विक्रम भाभोर, एवं ड्यूटीरत जेल स्टाफ, भी उपस्थित रहे। निरीक्षण उपरांत माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश धार द्वारा माननीय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार को सब जेल सरदारपुर में प्रारंभ किया गया एक बंदी-एक पेड़ अभियान एवं सीड्स बॉल पहल एवं गई अभियान की सराहना करते हुए इसे धार जिले की अन्य जेलों में भी प्रारंभ कराने के लिए प्रयास करने हेतु कहा गया।

### हरियाली का संकल्पना को कर रहे साकार

सब जेल सरदारपुर में संचालित एक बंदी-एक पेड़ ॅजीवन की नई शुरुआत हरियाली के साथ अभियान की संकल्पना एवं विस्तृत प्रस्ताव श्री सियाराम लिमनपुरे, प्रहरी एवं वारंट शाखा प्रभारी द्वारा तैयार किया गया। अभियान का उद्देश्य रिहा होने वाले बंदियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए उन्हें सकारात्मक जीवन की नई शुरुआत के लिए प्रेरित करना है।प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के उपरांत माननीयसचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार द्वारा अभियान का मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं जंगलों में बीज प्रसार हेतु सीड्स बॉल तैयार करने का सुझाव दिया गया। तथा आवश्यक सहमति के पश्चात दिनांक 24 जून 2026 से सब जेल सरदारपुर में सफलतापूर्वकअभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के प्रारंभ में डॉ. शैलेन्द्र सोलंकी रेंजर वन विभाग सरदारपुर के सहयोग से 100 पौधे उपलब्ध कराए गए, जिससे अभियान को सफलतापूर्वक प्रारंभ किया जा सका।अब तक 58 बंदी रिहा हो चुके हैं, जिनमें से 53 बंदियों तथा 23 जेल कर्मचारियों को पौधे प्रदान किए जा चुके हैं। अनेक रिहा बंदियों द्वारा पौधारोपण कर उसके छायाचित्र व्हाट्सएप समूह में साझा किए गए हैं, जिससे अभियान के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं साथ ही समस्त रिहा बंदी जिन्हें पौधे प्रदाय किये गये है उनके प्रोत्साहन एवं सम्मान के लिए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमंत्रित कर सर्टिफिकेट प्रदाय किये जायेंगे जिससे अन्य बंदी भी इस अभियान से प्रेरित हो सकेंगे।